कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.01.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
नृत्यांजलि – वैल्यू एडेड कोर्स

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा नृत्यांजलि (वैल्यू एडेड कोर्स) का आरंभ हुआ।

इसके उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जी. रथीश बाबू (नाट्याचार्य- नृत्यति कलाक्षेत्रम्) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रीय नृत्यों के माध्यम से भारतीय परम्परा संरक्षित होती है। जीवन अनुशासित होता है। यह लय, ताल और संतुलन को बनाये रखता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस सर्टिफिकेट कोर्स से अन्य संकाय की छात्राओं को भी सीखने मिलेगा। शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के विषय में उन्हें आधारभूत जानकारी मिल सकेगी।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि लगभग 65 छात्राओं ने इसके लिये पंजीयन कराया है जिसमें वे भरतनाट्यम के शास्त्रीय एवं सैद्धांतिक पक्ष की सामान्य जानकारी सीखेंगी। उनके लिए विषय-विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जायेगा जिसमें नृत्य के इतिहास एवं नृत्य के शारीरिक एवं मानसिक लाभा तथा वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला जायेगा।

इस अवसर पर सुश्री अनामिका मिश्रा, मौसमी, निशा गुप्ता, उर्वशी निर्मल एवं चारूलता देशमुख ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
नृत्यांजलि - वैल्यू एडेड कोर्स